# संपादकीय

## सुर्खियों का सच

जलवायु सम्मेलन के बाद सुर्खियों में जो सुखबोध दिख रहा है, उसमें ज्यादा दम नहीं है। इन सम्मेलनों की फिलहाल इतनी ही प्रासंगिकता है कि इनके जरिए जलवायु परिवर्तन पर दुनिया का ध्यान जाता है।

ये हर साल की कहानी है। नवंबर या दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र का जलवायु सम्मेलन होता है। जब ये समाप्त होता है तो सुर्खियों में बताया जाता है कि एक बड़ी सहमति के साथ सम्मेलन हुआ। मिस्र में हुए 27वें जलवायु सम्मेलन की कथा इससे अलग नहीं है। कहा गया है कि लॉस एंड डैमेज के मुद्दे पर बड़ी कामयाबी से सम्मेलन की समाप्ति हुई। लेकिन आखिर ये बड़ी कामयाबी क्या है? धनी देश सिद्धांत रूप में इस पर राजी हुए कि भविष्य में अगर जलवायु परिवर्तन के कारण आई प्राकृतिक आपदा के किसी गरीब देश को क्षति होती है, वे उसकी भरपाई में वित्तीय योगदान करेंगे। इस कोष का स्वरूप क्या होगा, इस बारे में अगले साल होने वाले सम्मेलन में फैसला किया जाएगा। कौन देश कितना योगदान करेगा, इस बारे में कोई विवरण तय नहीं हुआ। उलटे धनी देश यह मनवाने में सफल हो गए कि ऐतिहासिक रूप से उन्होंने कार्बन उत्सर्जन के जरिए वातावरण को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि अब तक के सभी सम्मेलनों में उनकी इस जिम्मेदारी चर्चा होती रही थी।

इसके अलावा धरती के तापमान में वृद्धि को औद्योगिक युग शुरू होने के समय की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक ना बढ़ने देने के किसी नए उपाय पर चर्चा नहीं हुई और गरीब देशों ने इस पर जोर भी नहीं डाला। बहरहाल, यहां यह जरूर याद कर लेना चाहिए कि 2009 में कोपेनहेगन में हुए सम्मेलन में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की पहल पर धनी देशों ने जलवायु परिवर्तन रोकने के उपायों के लिए 100 बिलियन डॉलर का फंड बनाने का संकल्प लिया था। वह संकल्प आज तक घोषणाओं से आगे नहीं बढ़ सका। तो नई सहमति का क्या हाल होगा, यह सवाल वाजिब है। इसलिए मिस्र के शरम अल-शेख में हुए सम्मेलन के बाद मीडिया की सुर्खियों में जो सुखबोध दिख रहा है, उसमें ज्यादा दम नहीं है। इन सम्मेलनों की असल में फिलहाल इतनी ही प्रासंगिकता रह गई है कि इनके जरिए जलवायु परिवर्तन की समस्या पर दुनिया का ध्यान जाता है। और समस्या है, तो उस पर बात होती रहनी चाहिए, यह आम समझ है।

### ऐतबार



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

जिंदगी तेरे इंतज़ार में गुज़ारी है।
पर न आया तू हमने,जान तुझपे वारी है।
अश्कों के साये में, घुट घुट के शबे-ग़म गुजरी,
सहर से लब पे तबस्सुम की पर्दादारी है।
न तज़्किरा न समाअत,न हाल है कोई,
क्या खूब निभाई है,तूने यार ये यारी है।
चलने को साथ चल रहे,राहों में काफ़िले,
गुज़री मगर तनहाईयो में उम्र ये सारी है।
तोड़ा दिले-बिस्मिल को तूने इस तरह तौबा,
तुझपे ऐतबार किया ये ख़ता हमारी है।


### क्या दुआ करें



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

अपनी पे आन पड़े तो समझाएं क्या
आपसे राज़-ए-मोहब्बत फरमाएं क्या
कहने वाली तो हज़ारों बातें हैं जनाब
गर आप सुन सकें तो कह जाएं क्या
एक अदद दिल ही है हमारी जागीर
आप कहें आपके दिल में रख आएं क्या
पा लिया है आपको फिर क्या दुआ करें
आपसा ख़ज़ाना अब और पाएं क्या
जिगर में तरन्नुम तो हर पल लिए फिरें
कुछ आपको भी दिल के ÷गीत÷ सुनाएं क्या


### समझ न पाए



ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

क्यों हुई गम की बरसात, समझ न पाए।
कैसे बिगडे तमाम हालात, समझ न पाए।
उन्हें आता था हुनर, हर चेहरा पढने का,
फ़कत मेरे ही मन की बात, समझ न पाए।
हम ने चली थी हर चाल सोच समझ के,
जिंदगी के खेल में हुई मात,समझ न पाए।
हर किसी के आँसुओं की उन को खबर थी,
मेरे ही दिल के वो जजबात, समझ न पाए।
सब को परखा, सब को जाना मगर ÷ सागर ÷,
फ़कत अपनी ही वो औकात, समझ न पाए।
ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर ÷

### रख हौसला तू



आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

अपनी ही धुन में मस्तमौला बन बैठा ये आदमी
जाने किस होड़ में भागा जा रहा ये आदमी
जमीन पर रख निगाहें कि लगे ना ठोकर तुझे,
आसमान छूने में क्यूं लगा तू आदमी?
सब अपने ही हैं यहां,मिला हाथ
और दुख सुख बांट ले आदमी
ना रह जाना तू अकेला इस सफर ए जिंदगी में,
काफिले को ले साथ, एक सैलाब बन छा जा ओ आदमी
किसी उदास चेहरे पर हंसी खिला कर तो देख
लुटा दे प्यार इस जग पर,फिर तू कमाल देख आदमी
गम को सीने में दबाए हंसी लुटाता तू हमेशा
अपनों के सीने से लग, थोड़ा रो ले तू आदमी
रिश्तो की डोर होती है नाज़ुक बड़ी
अब तू इसे और ना उलझा आदमी
इरादों को कर बुलंद,रख हौसला तू
सफलता एक मंजिल ही तो है
बस पहुंचने भर की देर है आदमी

# उपचुनाव के संघर्ष में फंसी राजस्थान भाजपा



रमेश सर्राफ
झुंझुनू, राजस्थान




राजस्थान में आगामी पांच दिसंबर को सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उपचुनाव जीतने के लिए जहां प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पूरी ताकत लगाए हुए हैं। वही मतदान से पूर्व ही भाजपा नेताओं ने हार मान ली है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतती है और मुख्य चुनाव में भाजपा जीतती है। पूनिया का कहने का आशय था कि राजस्थान में विधानसभा के जो उपचुनाव हुए हैं उनमें अधिकांश में कांग्रेस पार्टी जीती है। भाजपा सिर्फ राजसमंद विधानसभा सीट का ही उपचुनाव जीत पाई है।

राजसमंद में भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी के निधन होने से उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट देकर भाजपा ने उपचुनाव लड़वाया था और दीप्ति माहेश्वरी चुनाव में जीत गई थी। इसके अलावा अन्य सभी सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा की हार हुई थी। इतना ही नहीं भाजपा ने धरियावद से पार्टी विधायक गौतम लाल मीणा के निधन से हुए उपचुनाव में उनके बेटे कन्हैया लाल मीणा का टिकट काटकर खेत सिंह को चुनाव लड़वाया था। जहां भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस के पूर्व विधायक नगराज मीणा के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था। कांग्रेस ने जितने भी विधानसभा उप चुनाव जीते उन सभी सीटों पर मृतक विधायकों के परिवार जनो को ही प्रत्याशी बनाकर सहानुभूति फैक्टर का फायदा उठाया था। जबकि भाजपा ऐसा करने में विफल रही। चूरू जिले की सरदारशहर सीट पर भाजपा ने पूर्व में चार बार चुनाव लड़ चुके अशोक पिंचा को अपना प्रत्याशी बनाया है। अशोक पिंचा एक बार 2008 में जीतने में सफल भी रहे थे। मगर उसके बाद लगातार हारते रहे हैं। हालांकि पिंचा ने उप चुनाव लड़ने के लिए मना कर दिया था। मगर पार्टी नेतृत्व ने उन्ही पर भरोसा जताते हुए उन्हें उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतार दिया। सरदारशहर विधानसभा सीट भाजपा के लिए ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती है। भाजपा प्रत्याशी सिर्फ दो बार 1980 में भाजपा के मोहनलाल चुनाव जीते थे। मगर उनके निधन पर 1982 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के केसरी चंद बोहरा जीतने में सफल रहे थे। 2008 में भाजपा के अशोक पिंचा चुनाव जीते थे। इसके अलावा सरदार शहर में भाजपा कभी कोई चमत्कार नहीं दिखा पाई थी।

कांग्रेस ने जहां सात बार जीते हुए विधायक भंवरलाल शर्मा की मृत्यु होने पर उनके बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने लालचंद मुंड को प्रत्याशी बनाया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रत्याशी आने से सरदार शहर में मुकाबला तिकोना माना जा रहा है। लालचंद मुंड जाट समाज से आते हैं तथा एक बार पूर्व में बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं। वह पिछले पांच साल से डेयरी चेयरमैन है तथा पूर्व में सरपंच भी रह चुके हैं। अभी उनकी पत्नी सरपंच है। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाट मतदाताओं की संख्या है। ऐसे में यदि जाट मतदाता लालचंद मुंड के पक्ष में एकजुट हो जाते हैं तो चुनावी संघर्ष काफी कड़ा हो सकता है।

कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा ब्राह्मण समाज से हैं। अनिल शर्मा को गहलोत सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा मिला हुआ था। उनके पिता भंवरलाल शर्मा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष थे तथा राजस्थान में भैरोसिंह शेखावत की सरकार में नहर मंत्री रह चुके थे। सरदारशहर से सात बार जीतकर भंवरलाल शर्मा राजस्थान के बड़े नेता माने जाते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा को जहां सहानुभूति के वोट मिलने की पूरी संभावना है। वही वह स्वयं भी अपने पिता के साथ राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहे हैं। क्षेत्र के मतदाताओं से उनकी सीधी पहचान है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होने का भी उनको पूरा फायदा मिलेगा। अशोक शर्मा के नामांकन के वक्त स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद रहे थे। राजस्थान के राजस्थान सरकार के कई मंत्री, विधायक सरदारशहर उपचुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा की स्वयं की छवि काफी साफ-सुथरी है। मगर उन्हें पार्टी की तरफ से भरपूर सहयोग नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा के चुनाव प्रभारी बनाए जाने के कारण वसुंधरा गुट के नेता ज्यादा सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं। अर्जुनराम मेघवाल सांसद बनने से पहले कुछ समय तक चूरू जिले के कलेक्टर रह चुके हैं। इसी कारण उनको सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव की कमान दी गई है। अर्जुनराम मेघवाल बड़बोली किस्म के नेता है। इसलिए वह पार्टी नेताओं को एकजुट करने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। अशोक पिंचा को पार्टी टिकट दिलाने में पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां व विधानसभा में उप नेता राजेंद्र राठौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने ही पिंचा को चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया था।

हालांकि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लगातार चुनाव में हारने के कारण सतीश पूनिया की छवि एक हारने वाले प्रदेश अध्यक्ष की बन चुकी है। इसी कारण प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने पिछले दिनों बयान भी दिया था कि यदि पार्टी के सभी नेता मिलकर मेहनत करेंगे तो हम उपचुनाव जीत सकते हैं। सरदार शहर में भाजपा की स्थिति मजबूत करने के लिए वसुंधरा सरकार में मंत्री रहे राजकुमार रिणवा व गहलोत सरकार में संसदीय सचिव रहे जयदीप डूडी को भाजपा में शामिल करवाया गया है। दोनों नेताओं को उपचुनाव में सक्रिय भूमिका होकर मेहनत करने की जिम्मेदारी दी गई है।

राजकुमार रिणवा 2018 के विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के कारण रतनगढ़ से निर्दलीय चुनाव लड़े थे और जमानत जप्त करवा बैठे थे। फिर वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मगर वहां भी उन्हें महत्व नहीं मिला था। इस कारण वह काफी दिनों से भाजपा में आने का प्रयास कर रहे थे। मगर प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने उनकी घर वापसी रोक रखी थी। लेकिन विधानसभा उपचुनाव के कारण उनकी घर वापसी हो गई। इसी तरह भादरा से निर्दलिय विधायक रहे जयदीप डूडी भी कांग्रेस में थे मगर वहां भी उनकी दाल नहीं गली तो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। राजकुमार रिणवा जहां ब्राह्मण समाज से है वहीं जयदीप डूडी जाट समाज से है। जयदीप डूडी के पिता लालचंद डूडी भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में दो बार मंत्री भी रह चुके हैं। उप चुनाव के वक्त दो पूर्व विधायकों की घर वापसी करवा कर भाजपा ने अपने पक्ष में हवा बनाने की कोशिश की है। मगर दोनों ही नेता दलबदल कर अपना जनाधार गवा चुके हैं। ऐसे में पीटे मोहरों के बल पर भाजपा अपने प्रत्याशी को कैसे चुनाव जितवा पाएगी यह राजनीति के जानकारों के भी समझ में नहीं आ रहा है। जहां एक तरफ बीकानेर में वसुंधरा समर्थक पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी की अर्जुन राम मेघवाल के विरोध के चलते एन वक्त पर भाजपा में घर वापसी रोकी गई थी। वहीं मेघवाल की सिफारिश पर ही राजकुमार रिंणवा व जयदीप डूडी को भाजपा में शामिल करवाया गया है। यह पार्टी के लिए कितने लाभदायक होंगे इस बात का पता तो चुनाव नतीजों के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल तो भाजपा प्रत्याशी कड़े त्रिकोणीय संघर्ष में फंसा हुआ नजर आ रहा है।

### संजीव-नी



संजीव ठाकुर,
रायपुर छत्तीसगढ़

नफरतों से प्यार का रास्ता नहीं बनता ,
लालच,लोभ से वास्ता नही रखता।
जहां राग, द्वेष और दुश्मनी व्याप्त हो,
ऐसे में कोई सच्चा रिश्ता नहीं बनता।
कौन किसी का दुखड़ा सुनेगा यहां,
समाज का कोई हिस्सा नहीं बनता।
ऊपरी तौर पर मिलते हैं, सब अच्छे से,
दिलों से दिल का वास्ता नहीं मिलता।
हर तरफ सन्नाटा अकेलापन क्यों है,
बेटा भी बाप से खास नाता नहीं रखता।
रिश्ते, प्यार, सहानुभूति अब हवा की बातें हैं,
दो मीठे शब्द बोलने वाला वक्ता नहीं मिलता।
कैसे दिखावटी रिश्ते बच गए हैं अब,
भाई से भाई महीनों कोई वास्ता नहीं रखता।
प्यार, मोहब्बत,नाते, रिश्ते खो गए सब।
मोहब्बत का कोई शब्द अब सस्ता नहीं मिलता।
बूढ़ा आदमी भी तरसता सुनने को बच्चों के शब्द,
मौत तो आती है,पर जिंदगी का रास्ता भी नहीं मिलता।

### सफलता की राह



अशोक कुमार यादव
मुंगेली, छत्तीसगढ

सफलता की राह नुकीले कांटे से भरा,
तू कर खुले पैरों से चुनौती का सामना।
धरा रक्तरंजित हो जाए लोहित रक्त से,
लक्ष्य हासिल करना हो अंतिम कामना।।
सूरज के आंख में अपलक आंखें मिला,
दृढ़ पर्वत के समान एक ठौर हो खड़ा।
आंधी और तूफानों की तरह बढ़ आगे,
आकाश से भी ऊंचा कद को कर बड़ा।।
बिहड़ दुर्गम पथ को कर्म से सुगम बना,
ब्रह्म मुहूर्त में उठो,जागो सूर्य से पहले।
अंधेरे रुपी डर का कर अकेला सामना,
दिखाई देगा उम्मीद की किरण सुनहले।।
धैर्य रखकर सही समय का इंतजार कर,
तीव्र गति से अपने कदमों को बढ़ाते चल।
मन में निश्चय,वचन में अडिग हो डटा रह,
कर्ता प्रभु को मान सकर्मक बन निश्चल।।
कामयाबी परमपिता परमात्मा के सदृश्य,
लक्ष्य हासिल करने के लिए तपस्वी बन।
निर्जन स्थल बैठ तन्मयता से ध्यान लगा,
जीत का वरदान प्राप्त कर यशस्वी बन।।

### मन हारा हुआ जुआरी है



अतुल पाठक
हाथरस(उत्तर प्रदेश)

मन हारा हुआ जुआरी है,
मन जीता जिसने वह अनुपम छवि मनुहारी है।
मुद्दतों बाद मन के आंगन में खुशियों की प्यारी सी झलकारी है,
जैसे महक उसकी हवाओं के साथ लगती कन्नौज की कुमारी है।
कायनात प्यार की धुन बजा रही है,
ज़िंदगी खूबसूरत नगमें चुनचुन कर ला रही है।
उम्र ज्यों ज्यों ढलती जा रही है,
दिल में प्यार की जगह बढ़ती जा रही है।
खट्टी मीठी यादों का संसार बना रही है,
प्रेमसरिता पल्लवित होकर सागर से प्रेम अपार पा रही है।
एहसासों की मोअत्तर ताज़गी दिल में ला रही है,
हवा अंबर की नवंबर को विदा कर दिसंबर बुला रही है।
प्यार का रिश्ता है वही जो अनमोल हो,
भावना दिल की अपनेपन का समंदर ला रही है।

# मोर पुरखा के गॉंव



तुषार शर्मा
राजिम,गरियाबंद छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ महतारी के कोरा मा किसम किसम के विशेषता वाले गॉंव देखे बर मिलथे। कोन्हों गॉंव हा देवता-धामी से जाने पहिचाने जाथे ता कहुँचो रुख-राई अउ नदिया-पहाड़ के भरमार हे, कोनो गॉंव हा अपन इतिहास के बखान करत हे ता कोनो गॉंव अपन तरक्की के पहिचान बनत हे। फेर आज मॅंय जउन गॉंव ले आप मन के परिचय करात हॅंव, ओ गॉंव हा छत्तीसगढ़ के नक्सा मा भले नानुक दिखथे फेर अपन आप मा ऐतिहासिक, पौराणिक अउ पुरातात्विक महत्व ला गठियाय धरे हे, जेकर सुध लेवइया कोनो बने सहीं मनखे या अवसर के दरकार हे।

आज मॅंय अपन उही पुरखा के गॉंव ले आप मन के परिचय करावत हॅंव, जेन हा अपन विरासत ला मोटरा कस धरे बोट बोट विकास के रद्दा देखत हे। आज ये गॉंव हा केहे बर भले नवा राजधानी ले लकठा मा हे, फेर अपन डहर हाथ लमा के सॅंगे सॅंग विकास के रद्दा रेंगे के अगोरा करत हे। अइसन सुग्घर गॉंव के नॉंव हे - टीला।

पढ़े सुने अउ देखे मा दुए अक्छर के नॉंव हे फेर एकर इतिहास हा कल्पना ले परे हे अउ एकर अर्थ हा ओतके सरल घलोक हे। कल्पना ले बाहिर ये पाय के काबर कि न तो कोनो पुराण मा ये गॉंव के बरनन होय हे अउ न तो कोनो पुरातत्व वाला मन येकर आरो लिन। नॉंव सरल ये पाय के हे कि ये गॉंव हा महानदी के तीर मा बसे हे, कभु कोनो जमाना मा नदिया मा बाढ़ आइस होही ता मनखे मन ए ऊँच असन भुइयां मा आके बस गिन होही, काबर कि ऊँच भुइयॉं डहार बाढ़ के पानी नी चघय, अउ मनखे मन सुरक्षित रहिथें, तेन पाय के एकर नॉंव हा %टीला% परिस होही।

ये तो होइस ए नॉंव के मरम, अब नक्सा के हिसाब देखन ता ए गॉंव हा राजधानी रायपुर ले मुसकिल ले 40 किमी दुरिहा होही अउ तीर्थ क्षेत्र चंपारण ले 5 किमी के दूरी मा हावय। चंपारण ला चॉंपाझर घलो कहिथें, जिहॉं महाप्रभु वल्लभाचार्य के जनम होय हे अउ पंचकोसी धाम मा एक भगवान चम्पेश्वर महादेव के नगरी हरय। ग्राम टीला के इतिहास ला बने ढंग ले धियान दे के खोजे के जरूरत हे, काबर कि ए गॉंव मा एक ठन तरिया हावय जेन ला बॅंधवा तरिया कहे जाथे,ये तरिया मा ना जाने कोन काल के प्राचीन बड़े बड़े अइसन पखरा के भरमार हे जेन मा देवी देवता के बड़ सुग्घर सुग्घर फेर खॅंड़ियॉं हो चुके मूर्ति हावय, ये मन कोनो आने-ताने मूर्ति नोहय, ये मन ला देख के परतीत होथे कि ये कोनो अइसे जमाना के हरय जब हमर भारत देश के धार्मिक गौरव गाथा हा अपन ऊँचाई मा रीहिस होही। फेर ये पखरा मन जिहॉं तिहॉं माटी मा दबे परे हे अउ अपन बेकदरी बर ऑंसू ढरकावत हे, ये मन ला खनवा के अगर निकाले जाय ता न जाने कोन काल के इतिहास हमर आघू मा आ जावय।

ये तो होइस पुरातत्व अउ इतिहास के बात, इहि तरिया के पार मा तरिया के भितरी ले निकले जागृत देवी मौली माता के मंदिर हे, ये कोनो अलवा जलवा मूर्ति नोहय, साक्षात माता के महिमा के परमान गॉंव वाला मन कइ घॉंव परछो पाय हे। ये मूर्ति पूरा करिया पखरा के बने हे, फेर गौर से देखे मा पता चलथे कि माता हा अपन कोरा मा नानुक लइका धरे हे जउन हा संकेत हरय के महतारी हा अपन भगत मन ला मया दुलार देवत रहिथे।

गॉंव मा सड़क के सुविधा हावय, गॉंव के पहुंचती सीमा में भगवान जगन्नाथ के 250 साल ले भी जुन्ना मंदिर हे, जेकर जीर्णोद्धार के काम अब के जागरूक ग्रामवासी अउ मंदिर के निर्माण करइया तिवारी परिवार मन के सॅंघरा उदीम ले होवत हे।

पहिली एकर गर्भगृह के द्वार मा एक बड़का शिला लगे रीहिस, जनमानस के बताए अनुसार कहे जाथे कि ये शिला घलो उही बॅंधवा तरिया ले लाने गए रीहिस, जेन शिला ला पूरा गॉंव वाला मन मिल के उठाए नइ सकत रिहिन, तब गॉंव के एक झन सियान भगत हा मंदिर के मौली माता ले मन्नत करके एके घॉंव मा लान के जगन्नाथ मंदिर मा पहुँचाइस अउ उही रात के अपन परान तियाग दिस।

पर्यटन के अगर बात करे जाय ता ए गॉंव हा नदिया के तीर मा बसे हे जिहॉं टीला अउ परोसी गॉंव पोखरा जेन हा नदिया के ओ पार बसे हे तेला जोड़ते हुए बड़ सुग्घर एनिकट बने हे, जेन मा बारहों महीना पानी भरे रहिथे। टीला एनिकट के नदिया खॅंड़ मा बड़ मनोरम अउ 81 फीट के ऊँच बजरंगबली के दर्शनीय मूर्ति बने हे, जेकर चारों मुड़ा नवग्रह के मूर्ति स्थापित हे अउ आसपास हरियर हरियर बगीचा बनाए गए हे, जिहॉं पहुँचते साथ तन मन दुनों हरिया जथे। अइसे माने जाथे कि भगवान राम हा अपन बनवास काल मा राजिम, चंपारण होवत टीला मा घलो अपन चरण रज छोड़त आरंग डहर प्रस्थान करे रिहिन।

मोर पुरखा के गॉंव ला आयुर्वेद ग्राम के गौरव घलोक मिले हुए हे। अइसन सुग्घर अउ धार्मिक, पुरातात्विक, ऐतिहासिक गॉंव के माटी के मोला आसीरबाद मिले हे, जेकर मॅंय जतके बखान करॅंव, कमती हे। आप मन ले निवेदन हे जब कभू आप मन ला समय मिले एक घॉंव ए गॉंव मा आके एकर समृद्ध किंतु गुमनाम इतिहास के आरो खच्चित लेवव।

# ना खोले राज मन के....



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
(उत्तर प्रदेश)

बात करना एक ऐसी कला है जो दूसरों को प्रभावित करती है अतः बात करने से पहले यह जरूर जान ले कि आप जो कह रहे हैं उसका क्या प्रभाव पड़ेगा। बातचीत के दौरान किन विषयों को शामिल करना चाहिए और किन्हें नहीं! ये सुनिश्चित कर लेना चाहिए। प्रश्न यह है कि हम संवाद प्रक्रिया के लिए कौन सा विषय चुने? क्या बातें सिर्फ कुछ बोलते रहने का पर्याय होनी चाहिए?

अक्सर बातचीत के दौरान एक दूसरे की निंदा, एक दूसरे के पीछे बातचीत करना, किसी के खिलाफ बोलना यह मानव का स्वाभाविक आचरण हो चुका है। किसी के पीछे बुराई करना और कई बार कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग करके सारी सच्चाईयों को सामने खोल देना यह सब जीवन के लिए घातक है। बातचीत का पहला नियम तो यह होना चाहिए कि किसी की भी निंदा ना की जाए मित्र हो या संबंधी! उसकी बुराई कभी ना करें। पीठ पीछे की बुराई पीठ में छुरा घोंपने जैसी होती है। अच्छी बात किसी तक पहुंचे ना पहुंचे पर बुराई अवश्य पहुंचती है। यदि आपको पता चले कि आपका मित्र आपकी अनुपस्थिति में आपकी बुराई कर रहा था, भले ही वह बात सच हो! सोचो आपको कैसा लगेगा? ठीक वैसा ही उसे भी लगेगा जिसकी बुराई आपने की है यदि वह आपका सच्चा मित्र है तो उसकी कमजोरी उसे बता दीजिए यदि किसी की अनुपस्थिति में उसका जिक्र छेड़ भी जाए तो उसकी तारीफ ही करें। लोगों को अक्सर तारीफ जैसे शब्द बोर से लगते हैं लेकिन यदि किसी की निंदा हो रही हो तो सभी बड़े ध्यान से सुनने लगते हैं। यह बात कटु सत्य है पर सच है कि सास पति या पत्नी की तारीफ की जाए तो किसी को भी उस में मजा नहीं आएगा, लेकिन इसके विपरीत इनकी बुराई की जाए तो सभी चटकारे लेकर इसे सुनने के लिए बैठ जाते हैं। जब एक व्यक्ति किसी की बुराई कर रहा होता है तो वह यह भी अपेक्षा करता है कि सुनने वाला भी उसके मुकाबले की निंदा करें। अक्सर ऐसा भी होता है कि एक से ऐसी बातें सुनकर दूसरा भी इसी बहकावे में आ जाता है। किसी पार्टी वगैरह में जाकर अक्सर पुरुष हो या महिलायें सभी एक दूसरे की शिकायत शुरू कर देते हैं घर में क्या हो रहा है? बाहर क्या हो रहा है? इन सब की बुराई नमक मिर्च लगाकर जरूर करते हैं। यदि किसी रिश्ते में कोई मुश्किल या परेशानी हो रही है यदि कोई समस्या का हल नहीं मिल रहा हो तो बातचीत का मुद्दा दूसरों की बुराई करते रहना यह गलत बात है। दूसरों की बुराई करते रहना है यह दर्शाता है कि आपके पास किसी अन्य विषय पर बातचीत करने की योग्यता नहीं है। किसी की अनुपस्थिति में किसी व्यक्ति की आलोचना करना बुरी आदत है। यदि कोई बुराई करना है तो आप उसके जाल में फंसने से बचे और खुद की बुद्धि का इस्तेमाल करें। यदि सामने वाला किसी दूसरे की बुराई करते ही जा रहा है तो आप बातों का रुख दूसरी तरफ मोड़ दें। संवाद प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिसमें केवल हालचाल पूछे, जरूरी जानकारी ले, बात वहीं खत्म कर दे। आपको किसी भी व्यक्ति के बारे में फैसला सुनाने का हक नहीं है क्योंकि ऐसा करने पर आप उसे यह हक देते हैं तो वह भी आपके बारे में कुछ भी कह सकता है।

संवाद प्रक्रिया के विषय में कुछ बातें गरिमा पूर्ण होनी चाहिए अपनी बड़ाई करने से बचना चाहिए, अपनी बातों को बढ़ा चढ़ा कर बताने की आदत कई लोगों में होती है और अक्सर महिलायें भी बढ़ा चढ़ा कर अपने मायके का गुणगान करती हैं, जिसे सुन कर सामने वाले व्यक्ति के अंदर बोरियत की भावना आती है यदि आप में काबिलियत होगी तो सामने स्वयं दिखाई देगा। अक्सर देखा गया है जिन लोगों में दूसरों की निंदा करने का स्वभाव अधिक होता है वह अपनी तारीफ भी बहुत ज्यादा करते हैं, ऐसी तारीफ काफी उबाऊ हो जाती है और ऐसे लोगों का अक्सर पीठ पीछे मजाक बनाया जाता है। इस से अच्छा है कि आप अपनी तारीफ किए जाने की बजाए सामने वाले को सम्मान दें और उसकी उपलब्धियों के बारे में जानने का प्रयत्न करें उसके कार्यों की सराहना करें। जहां स्त्रियों में पराया घर, परिवार वालों व सहेलियों की बुराई करने की आदत होती है, वहीं अनेक पुरुष बैठते ही देश में व्याप्त भ्रष्टाचार की चर्चा करने लगते हैं, सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं में दोष ढूंढते रहते हैं। देश की आर्थिक नीति हो या विदेश नीति सब में उन्हें कमी नजर आ जाती है। यही उनकी हर रोज की संवाद प्रक्रिया का खास मुद्दा होता है किसी गलतफहमी के तहत में स्वयं को बहुत बुद्धिमान भी समझते हैं। अतः इन सब मुद्दों पर अपनी राय देने से भी नहीं चूकते! लेकिन सवाल यह है कि हर समय अपनी तारीफ करते रहने की बजाय क्या यह अच्छा नहीं है कि हम अपने आसपास के माहौल में सुधार करने का प्रयत्न करें? आखिर हमारा भी तो अपने समाज व देश के प्रति कुछ कर्तव्य है। बहुत से लोग समाज में ऐसे भी हैं जो केवल निराशावादी ही बातें करते हैं। हर समय दुख दर्द वास्तविकता काल्पनिक तकलीफ है जो उन्हें सताए रहती है कभी-कभी माहौल भी उन्हें उदास कर जाता है। अच्छा तो यह है कि मजबूत होकर आप आशावादी बातें करें ताकि दूसरे भी निराशा से उबार सकें। अपने दुखों के बखान से बचे! कई बार भावना के बहाव में आकर लोग एक दूसरे के गृह कलह की गठरी खोल बैठते हैं। यह कटु सत्य है कि अपनी अपनी परेशानियों से परेशान सभी लोग आपकी परेशानियों का अनावश्यक बोझ क्यों होना चाहेंगे? बीमारियों से निजात दिलाने के लिए तो डॉक्टर होते ही हैं। घरेलू परेशानियों का भी सिर्फ उसी के साथ विश्लेषण करें जिससे सहायता की अपेक्षा हो, पर तब भी यह याद रखें कि हर समय उन्हीं को लेकर ना बैठ जाए! वर्ना लोग आपकी बातों से बोर हो जाएंगे और आप से पीछा छुड़ाने के बहाने ढूंढने लगेंगे। बातचीत का विषय क्या होना चाहिए? ऐसी कौन सी बातें हैं जो हमें सामने वाले से कहनी चाहिए? अधिकतर हम अपनी मित्र मंडली में बैठकर अपनी दिनभर की चिंताओं व परेशानियों से छुटकारा पाना चाहते हैं। हंसी मजाक संवाद प्रक्रिया का आवश्यक अंग होना चाहिए बशर्ते मजाक भद्दे ना हो! जाति या किसी व्यक्ति विशेष पर कोई चर्चा ना की जाए, सभी को खुलकर हंसना चाहिए ताकि सकारात्मक विचार मन में घर कर सके। अक्सर मिलजुलकर परस्पर बातचीत करने से मित्रता संबंध कायम रहते हैं जो हमें जीवन भर भावनात्मक सुरक्षा तो प्रदान करते ही हैं जरूरत के समय हमारे काम भी आते हैं। यदि बातें खेलकूद पाककला या किसी फिल्म, मौसम, नई पीढ़ी पर हो तो संवाद प्रक्रिया में एक स्वाभाविक बहाव देखने को मिलता है। सबकी रुचि मौके और माहौल के अनुसार बातचीत के विषय बहुत सारे हैं यदि देखा जाए तो संवाद प्रक्रिया को सीमारेखा में बांधकर नहीं रखा जा सकता है, रखना भी नहीं चाहिए। ध्यान सिर्फ इस बात का रखना है कि यदि वह किसी गलत विषय पर बात आकर अटक रही है तो उसे तरीके और सौम्यता से उसका रुख किसी सार्थक दिशा की ओर मोड़ दिया जाए। यानी हम अपनी संवाद प्रक्रिया को हंसमुख वातावरण से युक्त रखें और विभिन्न विषयों पर आधारित विचारों का आदान प्रदान करें। एक दूसरे के साथ बातचीत करके ही हम जीवन में बहुत कुछ नया सीखते हैं, नए अनुभव प्राप्त करते हैं। यह भी जरूरी है नहीं है कि आपको हर विषय पर भरपूर ज्ञान हो रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछ कर बहुत कुछ सीखा जा सकता है। बातचीत जितने अलग-अलग विषयों पर होगी उतनी ही रोचक होती है हमें अपने आसपास के माहौल और समाचारों के प्रति जितने ज्यादा सजग होंगे हमें संवाद प्रक्रिया में हिस्सा लेकर उतना ही आनंद आएगा।

# बात होती है दिल्ली की!

यह बात शायद ही कभी चर्चा में आती है कि देश के अनेक दूसरे इलाकों के लोग दिल्ली से भी अधिक प्रदूषण झेलने को मजबूर हैं। लेकिन वहां के बाशिंदों की सेहत की चिंता शायद किसी को नहीं होती। दिल्ली में हर साल दिवाली के आसपास प्रदूषण का धुआं आसमान में छा जाता है। तब मीडिया के लेकर सियासी हलकों तक में इसकी जोरदार चर्चा होती है। राजनीतिक दलों के बीच तू तू-मैं मैं होती है और तरह-तरह की चिंताएं जताई जाती हैं। लेकिन यह बात शायद ही कभी चर्चा में आती है कि देश के अनेक दूसरे इलाके दिल्ली से भी अधिक प्रदूषण झेलने को मजबूर बने हुए हैं। वहां के बाशिंदों की सेहत की चिंता शायद किसी को नहीं होती। जबकि इस खबर पर गौर करें। 20 नवंबर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 423 के साथ बिहार का मोतिहारी भारत का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। दूसरे नंबर पर 411 एक्यूआई के साथ दरभंगा तथा तीसरे नंबर पर 401 के साथ सीवान रहा। बेगूसराय, कटिहार, बेतिया, पूर्णिया, अररिया, मुजफ्फरपुर, बक्सर, समस्तीपुर और पटना की हवा भी काफी खराब चल रही है। मगर क्या बिहार में प्रदूषण और वायु की खराब गुणवत्ता पर पूरे देश में वैसी चर्चा हुई, जैसी अभी कुछ दिन पहले दिल्ली के बारे में हो रही थी। शिकागो विश्वविद्यालय की एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की ओर से किए गए एक अध्ययन के अनुसार बिहार, उत्तर प्रदेश समेत सात राज्यों की लगभग पूरी आबादी पीएम 2.5 की जद में हैं। अधिकारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश के खेतों में जलाई जा रही पराली का धुआं भी बिहार में हवा को खराब कर रहा है। पश्चिम से आने वाली हवा की वजह से यूपी का धुआं बिहार की ओर आ रहा है। उससे राज्य के सीमावर्ती जिले इससे खासे प्रभावित हो रहे हैं। बाकी कारण तो वही हैं, जो हर जगह देखने को मिलते हैं। मसलन 'पेड़ों की कटाई, शहर के अंदर कचरे को जलाना, सड़क-पुल या भवन निर्माण आदि में निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं करना, निर्माण सामग्रियों का बिना ढंके परिवहन आदि। इन सब वजहों से वायु गुणवत्ता सूचकांक में खतरनाक स्तर तक वृद्धि होती है। लेकिन इसका समाधान कैसे किया जाए, इस प्रश्न बिहार जैसे राज्यों में चर्चा भी नहीं होती है। इस तरह लोग जोखिम भरे वातावरण के बीच जीने को अभिशप्त बने हुए हैं।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# ILT20:दुबई कैपिटल्स,अबू धाबी नाइट राइडर्स ओपनर में भिड़ेंगे



**अबू धाबी 29 नवंबर 2022।** दुबई कैपिटल्स और अबू धाबी नाइट राइडर्स के बीच एक ब्लॉकबस्टर मैच 13 जनवरी से दुबई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में इंटरनेशनल लीग टी20 के पहले संस्करण की शुरुआत करेगा। अबू धाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम का पहला मैच शनिवार 14 जनवरी को है, एमआई अमीरात और शारजाह वारियर्स के बीच मुकाबला है। लीग की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वही दो टीमें 17 जनवरी को प्रसिद्ध शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में भाग लेंगी।

ढ्ढरुञ्ज20 कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के महासचिव, मुबाशशिर उस्मानी ने कहा, ÷यह लीग के लिए बहुत ही रोमांचक समय है और सामूहिक रूप से, हम 2023 ढ्ढरुञ्ज20 खेलने के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। दुबई कैपिटल के दासुन जैसे सुपरस्टार के लिए शनाका और अबू धाबी नाइट राइडर्स के आंद्रे रसेल ने अपनी टीमों का खाता खोला, यह काफी रोमांचक है।÷ ÷हम टीमों के आने (जनवरी की शुरुआत में) का इंतजार नहीं कर सकते हैं और इसे पार्क में लड़ाई कर सकते हैं और यहां यूएई और दुनिया भर में क्रिकेट प्रशंसकों को विश्व स्तरीय मनोरंजन प्रदान कर सकते हैं।

हमारे लिए पहले सीज़न को जोरदार तरीके से लॉन्च करना बहुत महत्वपूर्ण है, और लीग प्रबंधन बादशाह और जेसन डेरुलो में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कलाकारों के साथ जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित है, दोनों निस्संदेह टीमों और अग्रणी प्रशंसकों को उत्साहित करेंगे। शुरुआती मैच में। हमें विश्वास है कि ढ्ढरुञ्ज20 एक बड़ी सफलता होगी,÷ उन्होंने निष्कर्ष निकाला। अबू धाबी में निर्धारित दस मैचों के साथ, दुबई में सोलह और शारजाह में आठ मैचों के साथ, प्रतियोगिता यूएई-क्रिकेटिंग मंच को शिमरोन हेटमायर, मोइन अली, कीरोन पोलार्ड, और वानिंदु हसरंगा जैसे सितारों के साथ-साथ कई मैचों में आग लगा देगी। संयुक्त अरब अमीरात के अभिजात वर्ग कुल 34 मैचों में खेल रहे हैं, जिसमें पांच-सप्ताह के दिन डबल-हेडर हैं, और जहां छह फ्रेंचाइजी प्लेऑफ से पहले दो बार एक-दूसरे से खेलेंगे, जिसका समापन 12 फरवरी (2023) को दुबई में रोमांचक फाइनल में होगा।

जनवरी (2023) में अपनी शुरुआत करते हुए, उद्घाटन ढ्ढरुञ्ज20, जिसे बहु-वर्षीय ढ्ढष्टष्ट अनुमोदन प्राप्त हुआ है, दुबई, अबू धाबी और शारजाह में ,श्व की विश्व स्तरीय क्रिकेट सुविधाओं में खेला जाएगा। जी इस लीग का मीडिया पार्टनर है। फ्रेंचाइजी टीमों में 84 अंतर्राष्ट्रीय और 24 यूएई-आधारित खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें अबू धाबी नाइट राइडर्स (कोलकाता नाइट राइडर्स), डेजर्ट वाइपर्स (लांसर कैपिटल), दुबई कैपिटल्स (जीएमआर), गल्फ जायंट्स (अडानी स्पोर्ट्सलाइन), एमआई अमीरात (रिलायंस इंडस्ट्रीज) शामिल हैं। , और शारजाह वारियर्स (कैपरी ग्लोबल)।

# कनाडा ने 121 साल में पहली बार किया डेविस कप पर कब्जा



**मेलबर्न 29 नवंबर 2022।** कनाडा ने पहली बार डेविस कप टेनिस खिताब अपने नाम कर लिया। 121 साल पुराने इस टूर्नामेंट में कनाडा को पहली बार खिताब जीतने का गौरव हासिल हुआ है। कनाडा ने 109 साल पूर्व पहली बार डेविस कप में हिस्सा लिया था कनाडा ने इस साल फाइनल में 28 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया। दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी फेलिक्स अगुर एलिसमी ने दूसरे एकल में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनाउर को 6-3, 6-4 से हराकर टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। फेलिक्स ने 16 विनर्स लगाए जबकि एलेक्स पांच विनर्स ही लगा सके। इससे पहले डेनिस शापोवालोव ने थानासी कोकानाकिस को 6-2, 6-4 से हराया था। एलिसमी ने डेविस कप जीत को सपना सच होना बताया। कनाडा इससे पहले 2019 में फाइनल में पहुंचा था तब राफेल नडाल की स्पेन टीम से हार गया था। शापोवालोव और फेलिक्स ने 2015 में कनाडा को जूनियर डेविस कप जिताने में भी मदद की थी। इस टूर्नामेंट के इतिहास पर नजर डालें तो इसकी शुरुआत ओलंपिक खेल शुरू होने के चार साल बाद 1900 में हुई थी। अब तक 16 टीमों ने इस प्रतिष्ठित टेनिस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इनमें अमेरिका ने सबसे ज्यादा 32 बार खिताब जीता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम 28 बार चैंपियन बनी है। डेविस कप में इस बार भारत ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाया। हालांकि भारतीय टीम का इस टूर्नामेंट में गौरवशाली इतिहास रहा है। भारत तीन बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचा है। 1966 में भारत उपविजेता रहा था। 1974 में भारत दूसरी बार फाइनल में पहुंचा लेकिन दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद नीति के विरोध में भारत ने फाइनल खेलने से इनकार कर दिया था। इसके अलावा भारत 1987 में भी फाइनल तक पहुंचा था और तब स्वीडन से हार उपविजेता रहा।

# बीसीसीआई महिला आईपीएल कराने की तैयारी में,ये प्लान तैयार




**नई दिल्ली 29 नवंबर 2022।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस साल महिला आईपीएल कराने की तैयारी में है. अभी तक बीसीसीआई महिला टी20 चैलेंज आयोजित करा रहा था जिसमें तीन टीमें हिस्सा ले रही थीं. लेकिन अब इसे नया रूप दिया जाएगा जिसमें ज्यादा टीमें हिस्सा लेंगी.फ्रेंचाइजियों को हासिल करने के लिए बोली लगाई जाएगी और बीसीसीआई ने इसकी बेस प्राइस फिक्स कर दी है.

कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने महिला आईपीएल की बेस प्राइस तय करने का फैसला किया है. बोर्ड पांच फ्रेंचाइजियों की नीलामी पर विचार कर रहा है. इस आईपीएल की शुरुआत मार्च-2023 में होगी. अभी तक बीसीसीआई 2018 से महिला टी20 चैलैंजर आयोजित कर रहा था. पहले सीजन इसमें एक ही मैच खेला गया था इसके बाद इसे तीन टीमों का किया गया था. अब बीसीसीआई फुल फ्लैज महिला आईपीएल कराने की तैयारी में है.

रिपोर्ट्स की मानें तो, फ्रेंचाइजी हासिल करने वालों को इसके लिए बोली लगानी होगी और टीमों की बेस प्राइस 400 करोड़ होगी. ये 2007-08 में शुरू हुए पुरुष आईपीएल के समय की फ्रेंचाइजी की बेस प्राइस से काफी ज्यादा है. न्यूज18 ने अपनी रिपोर्ट में इस मामले से संबंध रखने वाले एक सूत्र के हवाले से लिखा है, ÷बेंचमार्क कुछ तो होना चाहिए और बीसीसीआई इस पर डिमांड और बाजार की रूचि के हिसाब से मार्केट से जानकारी इकट्ठा कर रही है.÷

पुरुष आईपीएल 2008 में शुरू हुआ था. मुंबई फ्रेंचाइजी को रिलायंस ग्रुप ने खरीदा था. रिलायंस ने ये फ्रेंचाइजी 446 करोड़ रुपये में खरीदी थी और इसी के साथ ये टीम घरेलू लीग में सबसे महंगी टीम बन गई थी. जो भी ग्रुप फ्रेंचाइजी खरीदेगा उसे सारी रकम एक साथ नहीं देनी होगी. सूत्रों के मुताबिक जो फ्रेंचाइजी के मालिक को कीमत चुकाने के लिए पांच साल का समय मिलेगा. सूत्र ने कहा, ÷फ्रेंचाइजी जीतने वाले को पूरी मालिकान कीमत बीसीसीआई को पांच साल के भीतर देनी होगी. इन पांच सालों में वह बराबर किश्तों में कीमत चुका सकते हैं.÷

# शास्त्री का कहना है कि सूर्यकुमार काफी हद तक एबी डिविलियर्स की तरह है




**मुंबई 29 नवंबर 2022।** भारत की पुरुष टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री सूर्यकुमार यादव की आतिशबाज़ी से चकित रह गए हैं, पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी 20 खिलाड़ियों में से एक हैं और अपने चरम पर एबी डिविलियर्स की तरह हैं।

वर्ष 2022 में सूर्या ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सुर्खियां बटोरी, बेहतरीन स्ट्रोक्स लाए जो बहुत कम लोगों को पहले देखने का मौका मिला था।

÷वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, अगर सबसे अच्छा टी 20 खिलाड़ी नहीं है। उसके पास हरफनमौला खेल है और वह विनाशकारी है। अपने दिन में, अगर वह 30-40 गेंदों पर बल्लेबाजी करता है, तो वह आपको मैच जिताएगा।÷ क्योंकि वह उस गति से स्कोर करता है और वह जिस तरह के शॉट खेलता है उससे विपक्षी टीम का मनोबल गिराता है। वह काफी हद तक एबी डिविलियर्स की तरह है। जब एबी ने उन विशेष पारियों में से एक खेली, तो उसने विपक्षी टीम की हवा निकाल दी और सूर्य ऐसा ही कर सकते हैं, शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे मुकाबले के बाद प्राइम वीडियो को बताया। शास्त्री ने सूर्या के एकदिवसीय फॉर्म के बारे में भी बात की जब उन्हें सफेद गेंद के खेल के लंबे प्रारूप में बल्लेबाज के इतने शानदार रिटर्न के बारे में बताया गया। ÷यदि आप संख्या और औसत के नियम को देखते हैं, तो उसके पास उस तरह की एक पारी होना तय है। लेकिन अगर वह 15-20 रन के आंकड़े को पार कर लेता है, तो वह इसे महत्वपूर्ण बना देता है जैसा कि उसने अपनी पिछली कुछ पारियों में दिखाया था। इसलिए , वह अपनी क्षमता और आक्रमण प्रवृत्ति का समर्थन करता है। इसलिए, जब आपके पास उस प्रकार की प्रवृत्ति होती है, तो हर विषम पारी, वह विफल होने के लिए बाध्य होता है। लेकिन जब यह आता है, तो यह शानदार होता है। सूर्या भारतीय क्रिकेट टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे, जब वे दूसरे वनडे के धुल जाने के बाद भी भारत के साथ सीरीज़ निर्णायक के लिए न्यूज़ीलैंड से भिड़ेंगे।

# घाना ने रोमांचक मुकाबला जीता, कोरिया विश्व कप से बाहर




**अल रैयान (कतर) 29 नवंबर 2022।** घाना ने मोहम्मद कुद्दूस के दो गोलों की बदौलत फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक ग्रुप-एच मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिए मोहम्मद सालिसू (24वां) और कुद्दूस (34वां, 68वां मिनट) ने गोल किए। चो गुए-सुंग (58वां, 61वां) ने कोरिया के दोनों गोल जमाये।

पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद कोरिया गुए-सुंग के गोलों की बदौलत मैच में वापस आ गया था, लेकिन कुद्दूस के गोल ने एक बार फिर घाना को बढ़त दिला दी।

इसके बाद कोरिया ने स्कोर बराबर करने के कई प्रयास किये लेकिन घाना के गोलकीपर लॉरेंस अतिजिगी ने उन्हें एक बार भी कामयाब नहीं होने दिया और अपनी टीम के लिये बहुमूल्य तीन अंक सुनिश्चित किए। करो या मरो मुकाबले में कोरिया ने अच्छी शुरुआत की लेकिन सालिसू ने घाना को शुरुआती बढ़त दिलाई। मैच के 23वें मिनट में सालिसू ने जॉर्डन एयू से पास लेकर उसे गोल में पहुंचा दिया। मैच के 34वें मिनट में जॉर्डन ने कुद्दूस को पास दिया और घाना ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

पहले हाफ में 2-0 से पिछड़ने के बाद गुए-सुंग कोरिया को मैच में वापस लेकर आये। उन्होंने 57वें मिनट में ली कांग के क्रॉस को हेडर से घाना के गोल में पहुंचाया। पांच मिनट बाद उन्होंने जिन सू के क्रॉस पर यही कारनामा दोहराते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। छह मिनट के अंतराल में दो गोलों के साथ कोरिया ने आक्रामक रुख अपना लिया था लेकिन कुद्दूस एक बार फिर घाना की मदद के लिए आगे आये। मैच के 67वें मिनट में इनाकी विलियम्स बाई ओर से आये क्रॉस को किक करने से चूक गये, जिसके बाद कुद्दूस ने कोरियाई रक्षण को छकाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया। कोरिया दो मैचों में एक ड्रॉ और एक हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जबकि घाना एक जीत और एक हार के साथ ग्रुप-एच में पुर्तगाल के बाद दूसरे स्थान पर है। कोरिया को अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में शुक्रवार को पुर्तगाल का सामना करना है जबकि घाना इसी दिन उरुग्वे का सामना करेगी।

# पायल घोष रेड में अपनी त्रिपक्षीय भूमिका के बारे में हैं स्पष्ट



साथ निभाना साथिया की अभिनेत्री पायल घोष ने अपनी आगामी फिल्म रेड के बारे में बात की, जिसमें कृष्णा अभिषेक भी हैं।

उन्होंने कहा, रेड एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है और मैं भूमिका के 3 रंग निभाती हूं- एक कॉलेज गर्ल, एक पत्नी और एक अनुरक्षक। यह वास्तव में मेरे लिए रोमांचक था।

पायल ने आगे बताया कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली, निर्माता राजीव चौधरी ने मुझे अपनी अगली फिल्म रेड में एक भूमिका की पेशकश की और मैं वास्तव में अवाक रह गई। अद्भुत पटकथा सुनने के बाद, मैं वास्तव में उत्सुक थी और भूमिका के लिए हां कहा। चूंकि मेरी भूमिका मेरे द्वारा की गई भूमिकाओं से थोड़ी अलग थी, इसने मुझे दिलचस्पी दी और बाकी निश्चित रूप से इतिहास है।

कृष्णा के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, पायल ने खुलासा किया, उनके साथ काम करना बहुत प्यारा था क्योंकि वह बेहद चंचल, खुशमिजाज और सहयोगी सह-कलाकार हैं। हमारी पूरी यूनिट बहुत अच्छी थी और ऐसा कभी नहीं लगा कि मैं काम कर रही हूं।

जिस तरह से फिल्म ने आकार लिया है उससे हम बहुत खुश हैं और यह बहुत ही आशाजनक लग रहा है। जिन लोगों ने पहला कट देखा है वे चकित हैं और मुझे बहुत सराहना मिल रही है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे पसंद करेंगे। मैं वास्तव में रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

# आइटम डांस के बाद नोरा फतेही को मिला फिल्म में लीड रोल



नोरा फतेही ने बॉलीवुड में रोरः टाइगर्स ऑफ सुंदरबन और क्रेजी कुक्कड़ फैमेली जैसी मल्टीस्टारर फिल्मों में एक्टिंग से शुरुआत की थी. फिर वह पर्दे पर डांस की तरफ मुड़ गई. इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और दर्जनों फिल्मों में आइटम नंबर पर थिरकती नजर आई. उन्हें डांस शोज में जज बने भी देखा गया. लेकिन अब समय ने नई करवट ली है और नोरा एक फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस हीरोइन बन कर आने के लिए तैयार हैं. निर्देशक देवांग भावसार की फिल्म में नोरा अगले बरस लीड एक्ट्रेस के रूप में नजर आएंगी. फिल्म में उनके हीरो होंगे विक्रांत मैसी. हीरोइन के रूप में नोरा की यह पहली फिल्म होगी. फिल्म का नाम है, ब्लैकआउट. फिल्म एक थ्रिलर है और इसे डायरेक्ट ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा.

**डांस से आगे बढ़ी बात**

देवांग इससे पहले विवेक ओबेराय स्टारर प्रिंस, क्या सुपरकूल हैं हम और किस्सा जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक रहे हैं. नोरा और विक्रांत मैसी के साथ यह उनकी डेब्यू फिल्म होगी. विक्रांत की ब्रोकन एंड ब्यूटिफुल जैसी फिल्म के निर्माता नीरज कोठारी और सरिता तंवर इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है. यूं तो नोरा आम तौर पर फिल्मों में आइटम डांसर के रूप में ज्यादा दिखी हैं परंतु उन्होंने जॉन अब्राहम की बाटला हाउस और अजय देवगन स्टारर भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया में अहम भूमिकाएं निभाई हैं. ब्लैकआउट में पहला मौका है जब वह किसी फिल्म में लीड हीरोइन के रूप में नजर आएंगी. फिल्म अगले साल आएगी. 2023 में ही नोरा जॉन अब्राहम, रितेश देशमुख और शहनाज गिल स्टारर फिल्म हंड्रेस पर्सेंट में भी एक्टिंग करती दिखेंगी. फिलहाल नोरा कतर में चल रहे वर्ल्ड कप फुटबॉल के फैन फेस्टिवल में अपने डांस के लिए सुर्खियों में हैं. वह इस डांस के लिए वहां पहुंच चुकी हैं.




महिलाओं हेतु विशेष
डी.एस.एम. प्रशिक्षण केन्द्र
हमारे यहां सिलाई, कढाई, पेटिंग एवं टेडी वियर (खिलौना) का प्रशिक्षण दिया जाता है।
कोर्स करने की अवधि 6 माह।
कोर्स समाप्त होने पर डिप्लोमा दिया जायेगा।
नोट :- प्रशिक्षण के पश्चात नौकरी की गारंटी शत् प्रतिशत
सुषमा लेडिज टेलर्स
हमारे यहा ब्लाउज, पेटीकोट, सलवार सूट, स्कूल ड्रेस सिलाई एवं पीको फॉल का काम किया जाता है।
स्थान :- फुन्दुरडिहारी चौक, महुआपारा रोड, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) मो. 9669913653

पोताई के लिए संपर्क करें
उच्च स्तर के कारीगारों द्वारा पेंट, पॉलिस, पुट्टी निर्धारित समय अवधि में न्यूनतम दरों पर करनें की सुविधा उपलब्ध।
नोट :- सुविधा- सुरगुजा, सूरजपुरस कोरिया जिलों के लिए संपर्क करें - 78692-83557

AADI COMPUTER
CPU,LED Repairing
हमारे यहाँ सभी प्रकार के CPU,MONITOR, LED,PRINTER,CC.TV. CAMERA का रिपेरिंग एवं ट्रोनर का रिफलिंग किया जाता है
Contact-: 8085059097,9340593823
Near Holy Cross Hospital,Mission Chowk, Tiwari Bulding Road,Ambikapur

